## एक नजर में



### वार्षिक साधारण सभा सम्पन्न

**उज्जैन।** लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी सहकारी साख संस्था मर्यादित, उज्जैन की 41वीं वार्षिक साधारण सभा 20 जुलाई को गरिमामय वातावरण में आयोजित की गई। इस अवसर पर समिति के पदाधिकारियों, कर्मचारियों एवं सदस्यों की उपस्थिति उल्लेखनीय रही। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कर्मचारी कल्याण संघ के कैबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त पूर्व मंत्री रमेश चंद्र शर्मा, जल कार्य समिति नगर निगम के पूर्व अध्यक्ष अर्जुन सिंह चंदेल, पूर्व कार्यपालन यंत्री राकेश श्रीवास्तव और इंजीनियर मुकेश गर्ग उपस्थित रहे। उन्होंने अपने संबोधन में समिति द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना की तथा सभी कर्मचारियों को पारदर्शिता, सहभागिता और समर्पण के साथ कार्य करने हेतु प्रेरित किया। सभा की अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष इंजी. मुकेश गर्ग ने की। उन्होंने संस्था की वार्षिक प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए बताया कि समिति ने विगत वर्ष में वित्तीय स्थायित्व के साथ-साथ सदस्यों के कल्याण हेतु अनेक योजनाओं का क्रियान्वयन सफलतापूर्वक किया है। इस बार कोई आपत्ति और सुझाव नहीं आना भी पेड़ी कि उपलब्धि है। पेड़ी के माध्यम से हर वर्ष की तरह 10 प्रतिभावान बच्चों, विगत वर्षों में पेड़ी के 31 सेवानिवृत्त सदस्यों और इस वर्ष नवाचार करते हुए पेड़ी के लिए समर्पित और उत्कृष्ट कार्य करने वाले दो कर्मचारियों का सम्मान किया गया। इस अवसर पर कई वरिष्ठ सदस्यों को उनके दीर्घकालिक योगदान के लिए सम्मानित किया गया। सभा में भविष्य की योजनाओं, विशेष रूप से डिजिटल सेवाओं के विस्तार, सदस्यों के लिए सुविधाजनक ऋण योजनाओं और पारदर्शी कार्यप्रणाली को लेकर भी निर्णय लिए गए। इस अवसर पर संचालक मंडल के सभी सदस्य सर्व प्रथम पेड़ी के प्रबंधक रमेश सिंह रघुवंशी, प्रदीप शर्मा, हीरासिंह मोरी, माया यादव, पुष्पा रायकवार, प्रहलाद मेहर, संतोष मेकालिया और जगदीश चौधरी के साथ-साथ कार्यक्रम में पेड़ी से जुड़े सभी सदस्य, पूर्व अधिकारीगण, सेवानिवृत्त कर्मचारीगण एवं विशिष्ट अतिथि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. प्रवीण जोशी ने अत्यंत प्रभावशाली और व्यवस्थित रूप से किया। उन्होंने सभा के विभिन्न बिंदुओं को क्रमबद्ध रूप से प्रस्तुत करते हुए संवादात्मक माहौल बनाया। आभार हीरासिंह मोरी ने माना।




### पं. श्रीधर व्यास को किया अलंकृत

**उज्जैन।** अति प्राचीन विश्व के एक मात्र अष्ट चरिंजीवी मंदिर बाबा गुमानदेव हनुमान गढ़ी पर ब्रह्मलीन ज्यो. पंचांगकर्ता पं श्यामनारायणजी व्यास की पावन पुनीत स्मृति में आयोजित श्री श्याम श्रावण महोत्सव में प्रसिद्ध संगीतज्ञ एवं अनेक विधाओं के पारंगत पं श्रीधर व्यास द्वारा पखावज वादन की प्रस्तुति दी गई। आयोजक पं चंदन श्यामनारायण व्यास ने बताया कि सर्वप्रथम दीप प्रज्जवलन कर एवं पं व्यास के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम के शुभारंभ हुआ। पं श्रीधर व्यास संगीत सम्राट द्वारा पखावज वादन से कार्यक्रम का आरंभ हुआ। तत्पश्चात संगीता व्यास के द्वारा महाकाल वंदना की प्रस्तुति दी। पं. चन्द्र शेखर व्यास ने भी भजनों की प्रस्तुति दी। तबले पर शैलेंद्र भट्ट ने संगत पं. अजय मेहता एवं दतिया से पधारे पं. कौशल किशोर पांडा द्वारा श्री राम भजन से कार्यक्रम का विश्राम हुआ। तपश्चात कलाकारों का स्मृति चिन्ह भेंट कर कार्यक्रम का समापन किया गया। उक्त श्रावण महोत्सव में पं श्री धर व्यास जी को अवंतिका रत्न उपाधि से अलंकृत किया गया। इस अवसर पर कालिदास अकादमी के पूर्व निदेशक डॉ. संतोष पंड्या, समाज सेवी अनंतनारायण मीणा, वरिष्ठ अभिभाषक दिनेश पंड्या, युवा कथाकार पं. कमलेश भाई, वासुदेव रावल, राजेश दिसावल, अजय मेहता, पं. अधीश द्विवेदी, पं. राम शुक्ल, संजय आंजना, अनिल जोशी, दिनेश रावल, विजय बल्दिया आदि नगर के संगीत प्रेमी उपस्थित रहे। संचालन डॉ. पतंजलि कुमार पांडे ने किया।



### सारे नशे परिवार के लिए घातक

**उज्जैन।** नशा नाशा का कारण है, परिवार का विनाश है नशा, तामसिक है, बुद्धि विनाशक प्रक्रिया है, नशा, काम क्रोध, लोभ, मद, प्रतिष्ठा, ऐश्वर्य एवं ईर्ष्या का भी होता है। शराब, तंबाकू, गान्जा, भांग चरस, अफीम, मार्फीन, सूखा पाउडर यह सारे नशे परिवार समाज और राष्ट्र के लिए घातक है। उक्त प्रभावी विचार शासकीय कन्या उच्चतर उर्दू माध्यमिक विद्यालय मदार गेट एवं शासकीय कन्या माध्यमिक विद्यालय नलिया बाखल के संयुक्त तत्वावधान में नशे से दुरी बहुत है जरूरी विषय पर आधारित नशा मुक्ति आंदोलन के मुख्य अतिथि आईपीएस अधिकारी कोतवाली सीएसपी डॉ. राहुल देशमुख ने मार्गदर्शन करते हुए व्यक्त किए। अध्यक्षता विद्यालय की प्राचार्य अर्चना श्रीवतास्तव ने की। विशेष अतिथि महाकाल थाना प्रभारी गगन सिंह बादल एवं राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त एस आई चंद्रभान सिंह चौहान थे। समारोह का प्रभावी संचालन संस्था प्रधान शैलेंद्र व्यास स्वामी मुस्कुराके द्वारा किया गया। महाकाल थाना प्रभारी गगन सिंह ने नशा मुक्ति के संदर्भ में होने वाली हानियों पर प्रकाश प्रेषित किया। विद्यार्थीयों की जिज्ञासाओं का निराकरण चंद्रभानसिंह सिंह चौहान ने किया। प्रारंभ में मां सरस्वतीजी का पूजन अर्चन अतिथियों द्वारा किया गया। सरस्वती वंदना नाजमी एवं सामिया ने प्रस्तुत की। अतिथि स्वागत अरविंद सिंह, अनिल श्रीवतास्तव, सुजाता द्विवेदी ने किया। आभार प्रदर्शन जूलेखा कागाजी ने माना। इस अवसर पर राजपाल यादव, गोपाल सूरावत विशेष रूप से उपस्थित रहे।




### रेलवे मजदूर संघ ने किया पौधारोपण

**उज्जैन।** यूथ होस्टल एसोसिएशन उज्जैन यूनिट एवं वेस्टर्न रेल्वे मजदूर संघ के संयुक्त तत्वावधान मे रविवार 20 जुलाई को वृहद स्तर पर पौधारोपण कार्यक्रम हुआ। यूथ होस्टल के मीडिया प्रभारी जयंत तेलंग ने जानकारी देते हुए बताया कि विक्रम नगर रेल्वे स्टेशन परिसर मे यह कार्यक्रम आयोजित किया गया था। जिसमें दोनो संस्थाओं के पर्यावरण प्रेमियों ने हर्ष एवं उल्लास के साथ सहभागिता की। नीम, पीपल, बड, जामफल जैसे अन्य पौधों का रोपण किया गया। इस अवसर पर युथ होस्टल एसोसिएशन उज्जैन यूनिट के गोपाल महाकाल, अशोक वर्मा, आशुतोष पंडित, उल्हास बक्षी, शशिकांत वीरकर, जयंत तेलंग, कविता पंडित, अमिताभ पंडित, राजेश योहान, प्रदीप जोग, सतीश राजगुरू, नजमुद्दीन सैफी, निखिलेश खरे, शेखर केलकर, मुकेश पेंढारकर इत्यादी उपस्थित थे। कार्यक्रम के संयोजक अशोक वर्मा और चेतन चौधरी थे।

# मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की विदेश यात्रा बनी निवेश यात्रा, प्रदेश को रोजगार के पंख

## उज्जैन सहित मप्र में विदेशी उद्योग होंगे स्थापित, सीएम ने विदेशी निवेशकों से चर्चा कर जीता दिल, विदेश जाने के पहले लिया था बाबा का आशीर्वाद



**उज्जैन।** उद्योग स्थापित करने से लेकर निवेश का आमंत्रण देने के लिए तो देशभर के कई राज्यों से मुख्यमंत्री विदेश यात्रा पर जाते रहे हैं। बावजूद इसके कितने नेताओं को सफलता मिलती है। इसका कोई आंकड़ा नहीं है उसी की बनिस्पत मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने जो कर दिखाया है वह भूतों न भविष्यति, अधिकारियों की बजाय मुख्यमंत्री ने खुद वन टु वन चर्चा की और मध्य प्रदेश में निवेश को लेकर सीधे द्वार खोल दिए हैं।

मुख्यमंत्री राजनीति के साथ-साथ धर्म अध्यात्म को भी उतना ही महत्व देते हैं जितना की सनातन और प्राचीन परंपरा के लिए बेहद जरूरी है। यही कारण है कि मुख्यमंत्री स्पेन और दुबई जाने से पहले बाबा महाकाल का आशीर्वाद लेने पहुंचे और जब वह स्वदेश लौटे हैं तो सीधे अपने ससुर दिवंगत ब्रह्मानंद यादव को रीवा में श्रद्धांजलि देते हुए आज उज्जैन आए हैं और बाबा महाकाल के चरण में पहुंचे हैं। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री की यह तीसरी विदेश यात्रा रही। जिसमें वे सिर्फ निवेश को लेकर दौरे कर रहे हैं यही कारण है कि मध्य प्रदेश में अब रोजगार के नए-नए आयाम स्थापित हो रहे हैं। भोपाल में ग्लोबल इन्वेस्ट समिट के बाद उज्जैन में वैलनेस समिट की गई इन सब प्रकल्पों से एक बात तय हो चुकी है कि अब मध्य प्रदेश को न सिर्फ विकास के बल्कि रोजगार के भी पंख लगने वाले हैं। यह विदेश यात्रा अब निवेश यात्रा में तब्दील हो चुकी है। सीएम ने उज्जैन में वेलनेस क्षेत्र के निवेशकों से वन-टू-वन चर्चा की। मुख्यमंत्री ने निवेशकों को मध्यप्रदेश में निवेश के लिए खुले दिल से आमंत्रित किया और राज्य की अनुकूल निवेश नीतियों पर प्रकाश डाला। मुख्यमंत्री ने निवेशकों को मध्यप्रदेश में निवेश के लिए प्रोत्साहित किया। सभी निवेशकों ने मध्यप्रदेश की निवेश अनुकूल और प्रगतिशील नीतियों की सराहना की और प्रदेश में निवेश के लिए संकल्प लिया।

महाकाल की नगरी उज्जैन में एक-एक करके जब रोजगार बंद हो गए थे, तो लग रहा था कि अब शहर का उबर पाना बहुत मुश्किल है, आर्थिक मंदी का दौर चल रहा था। इसी बीच मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री के पद पर डॉ मोहन यादव आसीन हुए और जिस तेजी से उज्जैन आगे बढ़ा, देखते ही देखते विक्रम उद्योग पुरी ने आकार ले लिया और कई सारी फैक्ट्रियां खुल गई। हजारों लोगों को यहां रोजगार मिल रहा है। वहीं आईटी पार्क, मेडिसिटी, सिक्स लेन एयरपोर्ट, मेट्रो, रोपवे आदि ऐसे बड़े प्रोजेक्ट उज्जैन में आने से उज्जैन का कायाकल्प हो गया। मुख्यमंत्री के नेतृत्व में, मध्यप्रदेश वेलनेस और आध्यात्मिक पर्यटन के केंद्र के रूप में अपनी स्थिति मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध है। निवेशकों के इस उत्साहजनक प्रतिसाद से प्रदेश में रोजगार सृजन और आर्थिक विकास को नई गति मिलने की उम्मीद है, जिससे मध्यप्रदेश को वैश्विक वेलनेस मानचित्र पर एक प्रमुख स्थान मिल सकेगा। कुल मिलाकर धर्म अध्यात्म और उद्योग का यह अनूठा संगम मुख्यमंत्री के जज्बे से साकार हो पाया।

### विदेश में मुख्यमंत्री अनूठा स्वागत

सीएम मोहन यादव दुबई और स्पेन पहुंचे तो उनका न सिर्फ भारतीयों ने जोरदार स्वागत किया। बल्कि विदेशियों ने भी उनके लिए पलक पावडे बिछा रखे थे ,सीएम ने मैड्रिड और बार्सिलोना में यहां विश्व की अग्रणी कंपनियों के शीर्ष पदाधिकारियों से वन-टू-वन मुलाकात की। इस मुलाकात के दौरान सीएम डॉ. यादव का अंदाज उद्योगपतियों को बेहद पसंद आया। निवेशक मध्यप्रदेश सरकार की नीतियों से संतुष्ट दिखाई दिए। दुबई और स्पेन में मुख्यमंत्री इस गर्मजोशी से विदेशी निवेशकों से मिले कि उन्होंने सभी का दिल जीत लिया, कई विदेशियों ने एमपी में उनके उद्योग की जानकारी भी दी, स्पेन की नामी सेनेटरीवेयर कंपनी रॉका ग्रुप के कॉर्पोरेट संचालन निदेशक पाउ अबेलो ने सीएम डॉ. यादव को देवास स्थित कंपनी की इकाई रॉका प्रॉडक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड की जानकारी दी। कंपनी ने देवास में 164.03 करोड़ का निवेश किया है, साथ ही 400 से ज्यादा लोगों को रोजगार भी दिया है। इस जानकारी के बीच कंपनी ने प्रदेश के मुखिया को यूनिट के विस्तार और आगामी योजनाओं की जानकारी भी दी।

### यह बड़ी कंपनियां उज्जैन में निवेश का वादा कर चुकी

मुख्यमंत्री से अरबिंदो हॉस्पिटल ग्रुप के चेयरमैन डॉ. विनोद भंडारी, लीजर होटल्स ग्रुप के डायरेक्टर मुकुंद प्रसाद, शतायु आयुर्वेद के सीईओ और एमडी डॉ. मृत्युंजय स्वामी, मेफेयर ट्रैवल्स के एमडी शरद थडानी, लाभम ग्रुप के डायरेक्टर युगांश सोनी, शांतिगिरी आश्रम के जोनल हेड स्वामी चितासुधन ज्ञान तपस्वी, रॉयल ऑर्किड होटल के डायरेक्टर सुदीप रॉय, एरा हॉस्पिटैलिटी के संस्थापक शिवंदर सिंह, सीएचएल हॉस्पिटल ग्रुप के डायरेक्टर राजुल भार्गव, लेटेन्ट डेवकॉन के डायरेक्टर देवांग कपाड़िया, जिंदल नेचरक्योर इंस्टीट्यूट के चीफ एडमिनिस्ट्रेटिव ऑफिसर सुधीर एमवी, ट्रैवलपैक के चेयरमैन अशोक पटेल, हार्टफुलनेस इंटरफेथ प्रोग्राम्स एंड इवेंट के डायरेक्टर त्रिलोचन चावला और सनसेट डेजर्ट कैंप के सीईओ और एमडी हितेश्वर सिंह सिसौदिया ने वन-टू-वन चर्चा की। इनमें से लगभग सभी ने उज्जैन में अपने उद्योग स्थापित करने के लिए रजामंदी दे दी है। इससे विकास के साथ रोजगार को बढ़ावा मिलेगा और लोगों का आकर्षण उज्जैन की तरफ बढ़ेगा।

# बदमाशों ने की दशा माता मंदिर में चोरी की वारदात

**उज्जैन। नगर के ऋणमुक्तेश्वर ब्रिज के पास माता मंदिर से दो चोरों ने त्रिशूल, मुकुट, दानपेटी और माता जी की चांदी की आंख सहित अन्य सामान चुरा ले गए। खास बात यह है कि बीते दो सालों में इसी मंदिर में यह तीसरी चोरी की घटना है। चोरी का सीसीटीवी फुटेज सामने आया है। जिसमें दो चोरों ने महज 20 सेकेंड में ताला तोड़कर चोरी को अंजाम दिया।**

थाना जीवाजीगंज क्षेत्र के ऋण मुक्तेश्वर मंदिर ब्रिज के पास स्थित प्राचीन दशा माता मंदिर में बीती रात करीब एक बजे दो चोरों ने धावा बोल दिया। दोनों चोरों ने मंदिर के मुख्य गेट पर लगे ताले को एक सरिए की मदद से महज 20 सेकेंड में तोड़ दिया और मंदिर में प्रवेश कर गए। इस दौरान सुनसान रात का फायदा उठाकर चोर माता जी का रजत मुकुट, रजत आंखें, त्रिशूल और दानपेटी तोड़कर अन्य सामान भी चुरा ले गए। चोरों ने सीसीटीवी कैमरे को नुकसान पहुंचाने की भी कोशिश की। फुटेज में दिख रहा है कि चोर मंदिर में फुछ ही देर रुके और चोरी की वारदात को अंजाम देकर फरार हो गए। फरियादी नरेंद्र प्रजापत ने बताया कि इससे पहले भी मंदिर में दो बार चोरी हो चुकी है। पहली बार 2024 में और फिर इसी साल अप्रैल 2025 में, जब चोरों ने मंदिर को निशाना बनाया था। उस समय चोर 60 हजार रुपए नकद लेकर फरार हो गए थे।

### विवाद में पिता ने पुत्र को पीटा और घर में आग लगाई

उज्जैन। तराना के समीप ग्राम में घरेलू विवाद के बाद ग्रामीण ने अपने पुत्र को पीटा और घर में आग लगा दी। आरोपी पिता अलमारी में रखे नगदी रुपए और एक किलो चांदी निकालकर अपने साथ ले गया। घर के बाहर खड़े दामाद के लोडिंग वाहन में भी तोड़फोड़ कर दी। तराना थाना पुलिस ने बताया कि कल समीप के ग्राम बघेरा में रहने वाले सचिन सोलंकी और उसके पिता सुरेश सोलंकी के बीच घरेलू बात को लेकर विवाद हो गया। विवाद के चलते सुरेश ने सचिन को बुरी तरह से पीटा तथा घर में आग लगा दी। सुरेश ने अलमारी में रखे नगदी और 1 किलो चांदी निकाल ली। सचिन ने विरोध किया तो वह उसे पीटना लगा और घर से बाहर निकला तथा मोटरसायकल और अपने दामाद के लोडिंग वाहन में भी तोड़फोड़ मचाई । आरोपी सुरेश ने काफी देर तक हंगामा मचाया और इसके बाद फरार हो गया। सुरेश ने घटना की शिकायत तराना थाना पुलिस को की। सचिन ने बताया कि उसके पिता सुरेश अच्छी व्यवहार नहीं करने का आरोप लगाकर आए दिन विवाद करते हैं और मारपीट करते हैं। कल भी उन्होंने उसे पीटा और घर में आग लगा दी। पुलिस ने आरोपी सुरेश की तलाश कर रही है।

## 10 अगस्त को होगा भव्य महामंत्र-जाप

**उज्जैन। रामायण केंद्र उज्जैन इकाई एवं श्री हरि आध्यात्मिक सनातन सेवा संस्थान, उज्जैन के संयुक्त तत्वावधान में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। जिसमें आगामी 31 जुलाई को तुलसी जयंती तथा 10 अगस्त को महामंत्र-जाप आयोजन की विस्तृत रूपरेखा पर विचार-विमर्श किया गया।**

बैठक में यह निर्णय लिया गया कि 31 जुलाई को तुलसीदास जी की जयंती को भक्ति, साहित्य एवं रामचरितमानस के मूल्यों के प्रचार हेतु समर्पित किया जाएगा। वहीं 10 अगस्त को एक भव्य महामंत्र-जाप आयोजन के माध्यम से भगवान श्रीराम के आदर्शों एवं रामायण के दिव्य पात्रों को समाज में चेतना स्वरूप प्रस्तुत किया जाएगा। इस अवसर पर रामायण केंद्र के संयोजक एवं जिला अध्यक्ष डॉ. प्रवीण जोशी ने कहा रामायण केंद्र का उद्देश्य केवल धार्मिक आयोजन नहीं, अपितु श्रीराम के जीवन-मूल्यों को जन-जन तक पहुंचाना है। आप सभी की सक्रिय सहभागिता से ही यह अभियान साकार रूप लेगा। बैठक में प्रमुख रूप से डॉ. सुमन जैन, अंकित शर्मा, राजेश शर्मा, श्वेता श्रीवास्तव, रेणुका मिश्रा एवं शैलेन्द्र डाबी उपस्थित रहे। श्री हरि आध्यात्मिक सनातन सेवा संस्थान के संस्थापक हरि सिंह यादव ने बताया कि यह आयोजन शहर के प्रमुख सुधीजन और प्रबुद्ध जन की सहभागिता एवं मार्गदर्शन में संपन्न किया जाएगा, जो लंबे समय से सनातन मूल्यों, रामकथा और सामाजिक चेतना के क्षेत्र में सक्रिय है।

### एचएनबी-1सनराइज सिटी विकास समिति का गठन

**उज्जैन।** इंदौर रोड स्थित सनराइज सिटी में एचएनबी-1 सनराइज सिटी विकास समिति का गठन किया गया। सभी कॉलोनी वासियों ने सर्व सम्मति से पदाधिकारीयों का चयन किया। मीडिया प्रभारी मनोज उपाध्याय ने जानकारी देते हुए बताया कि समिति में अध्यक्ष दीपक श्रीवास्तव, उपाध्यक्ष डॉ. आशीष गोदानी, सचिव उपेंद्र राज व्यास, संयुक्त सचिव- मनोहर दांगी, कोषाध्यक्ष नंदकिशोर पांचाल, सह कोषाध्यक्ष भैरुलाल कलासिया, मीडिया प्रभारी मनोज उपाध्याय मनोनीत किया गया। वहीं कार्यकारिणी सदस्य सुरेंद्र कुमार, रमेश कुशवाह, संरक्षक जितेंद्र निगम, प्रहलाद सिंह विश्वकर्मा में शामिल किया गया। इसके साथ सदस्य सुरेश गहलोत, दिलीप धारघे, के एस धारीवाल, केके पण्डा , पुष्परंजन वर्मा, अरविन्द दांगी, चंद्रजीत मीणा, शरद पंड्या को मनोनीत किया। समिति का उद्देश्य कॉलोनी में विभिन्न विकास कार्यों में सहभागिता करना एवं मंदिर निर्माण कर धार्मिक एवं सांस्कृतिक उत्सव किया जाना एवं स्वच्छता अभियान पौधारोपण आदि कार्य किया जाना है।





### मनकामनेश्वर मंदिर से निकली कावड़ यात्रा

**उज्जैन।** श्रावण मास में रविवार को श्री मनकामनेश्वर महादेव मंदिर एलॉन्स सिटी, एलॉन्स एवेन्यू के कॉलोनी एवं आसपास के सैकड़ों ग्राम वासियों ने मिलकर कावड़ यात्रा निकाली। जो सुरासा, कमेड़ होते हुए श्री अंगारेश्वर महादेव मंदिर पर पहुंची। जहां श्रद्धालुओं ने कावड़ में लाए जल से भगवान श्री अंगारेश्वर महादेव का जलाभिषेक किया। मंदिर के शासकीय पुजारी मनीष उपाध्याय ने पूजन कराया व समस्त कावड़ यात्रियों का स्वागत भी किया।

# कलेक्टर और एसपी ने कावड़ियों के साथ किया भोजन

**उज्जैन। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देशानुसार जिले में कावड़ यात्रियों को विभिन्न सुविधा उनकी यात्रा को सुगम बनाने के लिए दी जा रही है। इसी क्रम में रविवार दोपहर कलेक्टर रोशन कुमार सिंह और पुलिस अधीक्षक प्रदीप शर्मा ने इंदौर रोड स्थित त्रिवेणी के नजदीक कावड़ यात्रियों के लिए जिला प्रशासन और श्री महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति द्वारा की गई आवश्यक व्यवस्थाओं का जायजा लिया।**



कलेक्टर सिंह ने जानकारी दी कि कावड़ यात्रियों की सुविधा के लिए ट्रैफिक डायवर्शन किया गया है। साथ ही कावड़ यात्रियों के आराम के लिए श्री महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति द्वारा इंदौर रोड पर विश्राम गृह संचालित किया जा रहा है। विश्राम गृह पर भोजन, पेयजल, शौचालय, स्वास्थ्य सुविधा और शयन आदि के प्रबंध किए गए है। पुलिस अधीक्षक शर्मा ने जानकारी दी कि कावड़ यात्रियों के मार्ग में उनकी सुविधा और सहायता के लिए पुलिस द्वारा सतत् पेट्रोलिंग की जा रही है। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर सिंह और पुलिस अधीक्षक शर्मा ने कांवड़ियों से उनकी यात्रा की जानकारी ली और उनकी कुशलक्षेम जानी। इसके बाद कलेक्टर सिंह और पुलिस अधीक्षक शर्मा ने कावड़ यात्रियों को भोजन प्रसादी वितरित की और उनके साथ भोजन प्रसाद गृहण भी किया।

### महाकाल सवारी मार्ग का निरीक्षण किया

उज्जैन। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का आज सोमवार को सवारी में सम्मिलित होना प्रस्तावित है। इसी तारतम्य और सवारी मार्ग पर तैयारियों का जायजा लेने के लिए कलेक्टर रौशन कुमार सिंह और पुलिस अधीक्षक प्रदीप शर्मा ने श्री महाकाल सवारी मार्ग का दोपहर में निरीक्षण किया। कलेक्टर सिंह ने निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए पेयजल, मार्ग में पर्याप्त प्रकाश, श्रद्धालुओं के लिए चिकित्सा सुविधा, आवश्यक स्थानों पर एम्बुलेंस की व्यवस्था, मार्ग पर साफ सफाई, सभी मुख्य स्थानों पर कार्यपालिक मजिस्ट्रेट की ड्यूटी, राम घाट और दत्त अखाड़ा घाट पर पर्याप्त संख्या में होमगार्ड और तैराकों की ड्यूटी, जूता स्टैंड, पर्याप्त स्थानों पर फायर ब्रिगेड, आवश्यक बैरीकेडिंग आदि सभी व्यवस्था करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने राम घाट पर पुलिस बैंड और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के लिए मंच पर आवश्यक व्यवस्था करने के निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक शर्मा ने जानकारी दी कि 200 से अधिक सीसीटीवी और 10 से अधिक ड्रोंस से जिला प्रशासन द्वारा निगरानी की जा रही है। श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए कलेक्टर सिंह के निर्देश पर सवारी मार्ग में 1500 से अधिक पुलिस बल जिसमें महिला श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए महिला बल भी तैनात रहेगा। व्यवस्थित ट्रैफिक प्रबंधन के लिए 150 से अधिक ट्रैफिक जवान तैनात रहेंगे। निरीक्षण के दौरान संपूर्ण मार्ग का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान महाकाल मंदिर प्रशासक एवं अन्य विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित रहे।

**निगम सम्मानित** — शहर को स्वच्छता में राष्ट्रीय स्तर पर अवॉर्ड प्राप्त होने पर महापौर, निगम अध्यक्ष एवं आयुक्त ने किया सफाई मित्रों का सम्मान

# सफाई मित्रों का सम्मान, सभी शहरवासियों का सम्मान है : महापौर

नवभारत न्यूज

**उज्जैन। रविवार 20 जुलाई 2025 को प्रातः जब नगर निगम के सफाई मित्र वार्ड अंतर्गत गली, मोहल्लों में सफाई कार्य करने के लिए आए तब रहवासियों एवं पार्षदों एवं जन प्रतिनिधियों द्वारा सफाई मित्रों का सम्मान किया गया। क्योंकि इन्हीं सफाई मित्रों की मेहनत के फल स्वरुप हमारा उज्जैन शहर सुपर स्वच्छता लीग में नंबर वन आया है। इसी क्रम में रविवार को महापौर मुकेश टटवाल, निगम अध्यक्ष कलावती यादव एवं निगम आयुक्त आशीष पाठक ने वार्डों में सफाई मित्रों का सम्मान करते हुए उज्जैन रहेगा नंबर वन के नारे लगाए गए। साथ ही सफाई मित्रों पर पुष्प वर्षा करते हुए स्वागत सम्मान किया गया।**



सफाई मित्रों का सम्मान करते हुए महापौर ने कहा गया कि सफाई मित्रों का सम्मान हम सभी शहरवासियों का सम्मान है। निगम अध्यक्ष कलावती यादव ने अपने संबोधन में कहा कि हम सभी शहरवासियों का जुनून एवं उत्साह दुगना हुआ जब हमारे उज्जैन शहर को सुपर स्वच्छता लीग में प्रथम स्थान मिला और राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू ने सम्मानित किया। निगम आयुक्त आशीष पाठक द्वारा कहा गया कि सुपर स्वच्छता लीग में यह सम्मान आप सभी सफाई मित्रों एवं शहरवासियों की भागीदारी से मिला है। निश्चित ही आप सभी बधाई एवं धन्यवाद के पात्र हैं। निगम के अधिकारी तो अपना काम करते ही हैं परंतु आप सभी द्वारा जिस प्रकार से सकारात्मक कार्य किया गया है। जिसके फल स्वरुप महामहिम राष्ट्रपति द्वारा हमारे उज्जैन शहर को सम्मानित किया गया।

### अटल अनुभूति उद्यान में किया सम्मानित

महापौर मुकेश टटवाल द्वारा द्वारा सफाई मित्रों के सम्मान के अंतर्गत अटल अनुभूति उद्यान एवं वार्ड क्रमांक 45 में सफाई मित्रों का दुपट्टा ओढ़ाकर सम्मान करते हुए मिठाई वितरित की गई। इसी के साथ वार्ड क्रमांक 05, 16, 20, 23, 46 में सफाई मित्रों को सम्मानित किया गया। इस दौरान क्षेत्रीय पार्षद उपस्थित रहे। निगम अध्यक्ष कलावती यादव एवं निगम आयुक्त द्वारा वार्ड क्रमांक 15 एवं 37 में सफाई मित्रों को सम्मानित किया गया। इस दौरान सुरेंद्र मेहर, संग्राम सिंह भाटिया, दुर्गा शक्ति सिंह चौधरी, गजेंद्र खत्री, रितेश जटिया, वीरेंद्र आंजना, नगर उपाध्यक्ष आनंद खींची, डॉ. प्रभु लाल जाटव, जितेंद्र कुमावत वार्ड के सफाई मित्र एवं सम्माननीय नागरिक गण उपस्थित रहे। इसी के साथ अन्य वार्डों में भी पार्षदों ने सफाई मित्रों स्वागत सम्मान किया गया।